रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 134] नई दिल्ली, मंगलवार, फरवरी 26, 2019/फाल्गुन 7, 1940
No. 134] NEW DELHI, TUESDAY, FEBRUARY 26, 2019/ PHALGUNA 7, 1940

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 फरवरी, 2019

सा.का.नि. 150(अ).–केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—**(1) इन नियमों का नाम सिक्का निर्माण ("परमहंस योगानंद की 125वीं जयंती" के अवसर पर स्मारक सिक्के जारी करना) नियम, 2019 है।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्कों का अंकित मूल्य.- "परमहंस योगानंद की 125वीं जयंती"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में एक सौ पच्चीस रुपये के मूल्य के सिक्कों का निर्माण भी किया जायेगा।

3. **सिक्कों की विमाएं और संरचना.**–नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :—

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांतों की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पच्चीस रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुर्थक मिश्र धातु** रजत- 50 प्रतिशत तांबा- 40 प्रतिशत निकल- 05 प्रतिशत जस्ता- 05 प्रतिशत

4. **डिजाइन.–** सिक्कों का डिजाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में निर्दिष्ट किए अनुसार होगा।

5. **मानक वजन तथा अनुज्ञात छूट.**- "परमहंस योगानंद की 125वीं जयंती" मनाने के लिए उपर्युक्त अंकित मूल्य के बनाए गए सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्कों को बनाने में अनुज्ञात छूट वह होगी जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट होगी।

पहली अनुसूची

(नियम 4 देखें)

एक सौ पच्चीस रुपये

अग्र भाग:

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"125"** भी होगा ।

पृष्ठ भाग:

सिक्के के इस भाग पर मध्य में **"परमहंस योगानंद"** का चित्र होगा। सिक्के के ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"परमहंस योगानंद की 125वीं जयंती"** और निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"125th BIRTH ANNIVERSARY OF PARAMAHANSA YOGANANDA"** उत्कीर्णित होगा और चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष **"1893-2018"** अंकित होगा ।

दूसरी अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक वजन	अनुज्ञात उपचार	
		धातु संरचना में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पच्चीस रुपये	35 ग्राम	रजत में 1/500वां हिस्सा कम या अधिक अर्थात रजत के अंश में प्रति 1000 में 498 से 502 तक का अंतर हो सकेगा ।	1/100 जमा या घटा अर्थात् वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम के बीच हो सकता है।

[एफ. सं. 02/16/2018–सिक्का]

प्रशांत गोयल, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economics Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th February, 2019

G.S.R. 150(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of **125TH BIRTH ANNIVERSARY OF PARAMAHANSA YOGANANDA)** Rules, 2019.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coins.—**The coin of **One Hundred And Twenty Five** denomination shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government on the occasion of **"125TH BIRTH ANNIVERSARY OF PARAMAHANSA YOGANANDA"**.

3. Dimension and composition of coins.—The coins of the above denomination mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely: —

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred And Twenty Five	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent Copper - 40 per cent Nickel - 05 per cent Zinc - 05 per cent

4. Design.- The design of the coins shall be as specified in the First Schedule to these rules.

5. Standard weight and remedy allowed.- The standard weight of the coins of above denomination coined to commemorate the occasion of **125TH BIRTH ANNIVERSARY OF PARAMAHANSA YOGANANDA** and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

First Schedule

(See Rule 4)

ONE HUNDRED AND TWENTY FIVE

OBVERSE:

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devanagri script and on the right periphery with the word "INDIA" in English. It shall also bear the Rupee symbol "**₹**" and denominational value "**125**" in the International Numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of coin shall bear the portrait of "**PARAMAHANSA YOGANANDA**". The inscription "**परमहंस योगानंद की 125वीं जयंती**" in Devanagri script and "**125TH BIRTH ANNIVERSARY OF PARAMAHANSA YOGANANDA**" in English shall be written on the top periphery and lower periphery of the coin. The year "1893-2018" in international numeral shall be flanked at bottom of the portrait.

Second Schedule

(See Rule 5)

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred And Twenty Five Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say weight could be 34.65 grams to 35.35 grams.

[F. No. 02/16/2018-Coin]

PRASHANT GOYAL, Jt. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA
Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA
Date: 2019.02.27 17:34:14 +05'30'